The Pioneer (16.02.2016)

INBRIEF

YMCA UNIVERSITY TO HOLD SEMINAR ON MAKE IN INDIA

Chandigarh: The Vice-Chancellor of YMCA University of Science and Technology, Faridabad Prof. Dinesh Kumar released the brochure for the upcoming National Conference on the theme of 'Role of Science and Technology towards Make in India' to be held from March 5 to 7 at YMCA University campus in Faridabad. He said about 350 scientists and technologists from different part of the country were expected to participate in the Conference. Haryana Governor, Kaptan Singh Solanki, who is also Chancellor of the University, would be the Chief Guest at the inaugural session and would deliver the key-note address.

Hindustan Hindi (16.02.2016)

मेक इन इंडिया विवरणिका विमोचित

फरीदाबाद | **कार्यालय संवाददाता**

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में सोमवार को विमोचन समारोह का आयोजन हुआ। इसमें विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने मेक इन इंडिया-विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की भूमिका विषय पर होने वाली राष्ट्रीय कांफ्रेंस की विवरणिका का विमोचन किया।

कांफ्रेंस विश्वविद्यालय में पांच से सात मार्च तक किया होगी। कुलपति ने कहा कि इसमें देशभर से 350 वैज्ञानिक और तकनीकीविद् हिस्सा लेंगे। राज्यपाल मुख्य अतिथि के तौर पर कार्यक्रम की शुरुआत करेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य प्रधानमंत्री मोदी के मेक इन इंडिया अभियान को आगे बढ़ाना है। मानविकी एवं विज्ञान विभाग के डीन डॉ. राज कुमार ने कहा कि इसके जरिए भारत के विकास में विज्ञान की भूमिका, कम्प्यूटर इंजीनियरिंग तथा सूचना प्रौद्योगिकी में विकास एवं नई खोज, इलेक्ट्रिकल व इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग के क्षेत्र में मौजूदा रूझान जैसे विषयों पर प्रकाश डाला जाएगा। मौके पर मानविकी एवं विज्ञान विभाग के डीन डॉ. राज कुमार, इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग के चेयरपर्सन डॉ मुनीश और सहायक प्रोफेसर डॉ. सोनिया आदि उपस्थित रहे।

फरीदाबाद स्थित वाईएमसीए यूनिवर्सिटी में मेक इन इंडिया पर होने वाली नेशनल कांफ्रेंस से पहले कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने विवरणिका का विमोचन किया। • हिन्दुस्तान

Amar Ujala (12.02.2016)

वाईएमसीए में नेशनल कॉन्फ्रेंस पांच मार्च से

बल्लभगढ़ (ब्यूरो)। भारतीय विज्ञान कांग्रेस संघ तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में 5 से 7 मार्च तक नेशनल कांफ्रेस का आयोजन किया जाएगा। कांफ्रेस का विषय मेक इन इंडिया में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की भूमिका रखा गया है। कुलपति डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि उद्घाटन राज्यपाल तथा विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रो. कप्तान सिंह सोलंकी करेंगे। कांफ्रेंस के तकनीकी सत्र के लिए देशभर से विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थानों की शाखाओं से हिंदी एवं अंग्रेजी भाषाओं में अनुसंधान पेपर आमंत्रित किए हैं।

Dainik Bhaksar (12.02.2016)

नेशनल कांफ्रेंस की विवरणिका का विमोचन

फरीदाबाद | वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने सोमवार को 'मेक इन इंडिया-विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की भूमिका' विषय पर होने वाली नेशनल कांफ्रेंस की विवरणिका का विमोचन किया। इसका आयोजन विश्वविद्यालय परिसर में 5 से 7 मार्च तक किया जाएगा। मानविकी एवं विज्ञान विभाग के डीन डा. राजकुमार, इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग के चेयरपर्सन डा. मुनीश वशिष्ठ व सहायक प्रोफेसर डा. सोनिया बंसल ने विवरणिका का विमोचन किया। प्रो. कुमार के अनुसार विवरणिका में नेशनल कांफ्रेंस से संबंधित अहम जानकारियां दी गई हैं। कांफ्रेंस में देशभर से लगभग 350 वैज्ञानिकों एवं तकनीकीविदों के भाग लेने का अनुमान है। इसका शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि राज्यपाल व विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रो. कप्तान सिंह सोलंकी करेंगे।

Amar Ujala (16.02.2016)

वाईएमसीए में जुटेंगे देशभर के वैज्ञानिक

फरीदाबाद (ब्यूरो)। वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में मेक इन इंडिया में विज्ञान एवं प्रौद्योगिक की भूमिका विषय पर 5-6 मार्च को राष्ट्रीय स्तर की कांफ्रेंस का आयोजन करने जा रहा है।

इस कांफ्रेंस में देशभर के लगभग 350 वैज्ञानिक एवं तकनीकीविद हिस्सा लेंगे। सोमवार को विश्वविद्यालय में इसकी विवरणिका का विमोचन किया गया।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने इस मौके पर बताया कि कांफ्रेंस का उद्घाटन राज्यपाल प्रो. कप्तान सिंह सोलंकी करेंगे। इसमें देशभर के विश्वविद्यालय एवं अनुसंधान संस्थानों के वैज्ञानिकों, विद्वानों, इंजीनियरों और विद्यार्थियों को मेक इन इंडिया पर विचार व अनुसंधान पेपर्स रखने तथा विभिन्न गतिविधियों एवं नई खोजों से जुड़ी जानकारियां सांझी करने के लिए मंच प्रदान किया जाएगा। इस मौके पर मानविकी एवं विज्ञान विभाग के डीन डॉ. राज कुमार, इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग के चेयरपर्सन डॉ. मुनीश वशिष्ठ तथा सहायक प्रोफेसर डॉ. सोनिया बंसल भी उपस्थित थीं।